# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

## M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

CELEBRATING 120 YEARS MPCCI




# MPCCI THE CAPITOL CRICKET CARNIVAL

https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका

**JANUARY 2026**

- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 28, अंक : 07

# एमपीसीसीआई दि केपिटोल क्रिकेट कार्निवाल भव्यतापूर्वक आयोजित

## जीवाजी रॉयल बनी विजेता

### धमाकेदार बल्लेबाजी एवं बॉलिंग करने वाले खिलाड़ियों पर हुई पुरस्कारों की बारिश




संस्था के सदस्य व उनके परिजनों के लिए तीन दिवसीय **'दीपावली एवं नव वर्ष मिलन समारोह'** का आयोजन 4 जनवरी एवं 6 जनवरी 2026 को किया गया । इस आयोजन के तहत एमपीसीसीआई दि केपिटोल क्रिकेट कार्निवाल का आयोजन रविवार, 4 जनवरी को ''कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम'' में भव्य रूप से किया गया ।

ओपनिंग सेरेमनी की शुरूआत संस्था के पूर्व अध्यक्ष-स्व. श्री विष्णुप्रसाद गर्ग जी के असामयिक निधन पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर की गई । इस अवसर पर अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि इस आयोजन की रूपरेखा में कार्यकारिणी समिति द्वारा हमारे दो पूर्व अध्यक्षों को दो टीमों के मेंटोर के रूप में रखकर उनका चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रति योगदान को सम्मान दिया गया, जिनमें पूर्व अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल एवं श्री विष्णुप्रसाद गर्ग जी शामिल थे, परन्तु दुभार्ग्यवश एवं इस आयोजन के एक दिवस पूर्व ही स्व. श्री विष्णुप्रसाद गर्ग जी का निधन हो गया, जो कि इस आयोजन के लिए ही नहीं बल्कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है । आज हम इस आयोजन को बेहद सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित कर रहे हैं । आज सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें क्योंकि जीतने वाले और हारने वाले सभी चेम्बर परिवारजन ही हैं ।

एमपीसीसीआई दि केपिटोल क्रिकेट कार्निवाल कार्निवाल की विजेता टीम जीवाजी रॉयल्स रही, जिसके मेंटोर कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता एवं कैप्टन सौरभ गुप्ता थे । इस टीम द्वारा प्रथम मैच से ही इस पूरे कार्निवाल में अपना दबदबा बनाए रखा गया । रनर अप टीम तानसेन चैलेंजर्स रही, जिसके मेंटोर उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल एवं कप्तान डॉ. विनोद जैन थे ।

फाइनल मैच से पूर्व एक फ्रेंडली मैच प्लायवुड प्वाइंट-पैंथर्स एवं वृंदावन-सुपर स्ट्राइकर्स के बीच दूधिया रोशनी में खेला गया । इस मैच की विजेता टीम वृंदावन-सुपर स्ट्राइकर्स रही ।




पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्वालियर की महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने इस अवसर पर आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कारोबारियों द्वारा इस कार्निवाल का आयोजन करना खेल के महत्व को प्रदर्शित करता है। जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। आपने विजेता टीम को क्रिकेट कार्निवाल की ट्रॉफी भेंट की।

**पुरस्कार :** लीग मैच के मैन ऑफ द मैच, प्रथम–मनीष जैन, द्वितीय मैच–रवि जैन, तृतीय मैच–अमर प्रताप सिंह राठौर, चतुर्थ मैच–कपिल गुप्ता प्रथम सेमीफायनल मुदित बंसल द्वितीय सेमीफायनल पवन खत्री, मैन ऑफ द मैच फायनल–मुदित बंसल। बेस्ट कैच ऑफ द कार्निवाल विवेक सेठी बेस्ट फील्डर ऑफ द कार्निवाल–दुर्गेश चौरसिया बेस्ट बॉलर ऑफ द कार्निवाल, दीपक धमेजा बेस्ट बैट्समैन ऑफ द कार्निवाल–मुदित बंसल, मैन ऑफ द कार्निवाल–मुदित बंसल। वहीं फ्रेंडली मैच के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गिरीश गाबरा को दिया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक–द केपिटोल, सूर्या रोशनी, प्लायवुड प्वाइंट वृंदावन प्लायुड आदि के प्रतिनिधियों को भी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नकद 5100 रूपये का पुरस्कार दिनेश जैन जी फर्म कुशलचंद कैलाशचंद द्वारा तथा बाघ बकरी चाय के श्री मनोज बाबा द्वारा सभी खिलाड़ियों को गिफ्ट हेम्पर व श्री राकेश लहारिया द्वारा टीशर्ट एवं हुडी पुरस्कार स्वरूप दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक एवं संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, कार्यक्रम सहसंयोजक एवं उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कार्यक्रम सहसंयोजक एवं मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कार्यक्रम सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष–अरविन्द अग्रवाल, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष–प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–सुरेश बंसल, पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश अग्रवाल, जगदीश मित्तल पूर्व कोषाध्यक्ष–गोकुल बंसल, वसंत अग्रवाल सहित चेम्बर सदस्य एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# आयोजन झलकियाँ






















# मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम आयोजित





''मेरी आवाज सुनो'' कार्यक्रम का आयोजन 5 जनवरी को 'चेम्बर भवन' में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर ग्रामीण के विधायक-श्री साहब सिंह गुर्जर उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री साहब सिंह गुर्जर ने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा ''मेरी आवाज सुनो'' का संगीतमयी कार्यक्रम कारोबारियों को रोजमर्रा की तनाव भरी जिंदगी में से मुक्त कर, उन्हें अपने शौक एवं रूचि को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान कर रहा है, यह सराहनीय है। आज यहाँ जो भी प्रतिभागी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे, उन्हें मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहाकि चेम्बर सदस्यों के लिए आज का यह पारिवारिक कार्यक्रम बहुत खुशनुमा होने वाला है। आज के आयोजन में जो भी प्रतिभागी भाग लेने जा रहे हैं, उनकी आवाज का जादू आज हम सभी सुनने व देखने वाले हैं।

मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम के ऑडिशन राउण्ड में सर्वश्री अभिषेक चतुर्वेदी, संजय सप्रा, आदित्य ओझा, आशीष अग्रवाल, नरेश कुमार जेठवानी, विजय कुमार अमरपुरी, राकेश कुमार जैन, रवि मित्तल, एस. के. दास, अनूप साहू, राम अग्रवाल, राजेश बंसल, अनुराग श्रीवास्तव, हेमन्त निगम, संजय बावरी, आशीष अग्रवाल, अतुल शर्मा, दिनेश अग्रवाल, महेश गर्ग, राहुल शर्मा, सुनील अग्रवाल, नन्द किशोर गोयल, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, संजय धवन, संजीव अग्रवाल (कुक्कू), दुर्गेश चौरसिया, दीपक अग्रवाल, वनिता गर्ग, मनीषा बंसल आदि ने अपनी गायन प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के निर्णायक-डॉ. श्रीमती ज्योति बाला दहाटे, श्री रमेश श्रीवास्तव एवं श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा दूसरे राउण्ड के लिये टॉप-6 गायकों-श्री अनूप साहू, श्री आशीष अग्रवाल-बी.एम.स्टील, श्री विजय अमरपुरी, श्री संजय सप्रा, श्री आशीष अग्रवाल-जी. के. इंटरप्राइजेज एवं श्री नरेश जेठवानी का चयन कर, उनसे पुन: गायन कराया गया।

मेरी आवाज सुनो प्रतियोगिता के प्रथम विजेता-श्री विजय अमरपुरी, द्वितीय-श्री नरेश जेठवानी, तृतीय-श्री आशीष अग्रवाल-मेसर्स बी. एम.स्टील रहे। सांत्वना पुरस्कार-श्री संजय सप्रा, श्री अनूप साहू एवं श्री आशीष अग्रवाल-मेसर्स जी. के. इंटरप्राइजेज को प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता को होटल सुदर्शन द्वारा प्रायोजित किया गया। विनर एवं सात्वना पुरस्कार के साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के निर्णायक-डॉ. श्रीमती ज्योति बाला दहाटे, श्री रमेश श्रीवास्तव एवं श्री नरेन्द्र शर्मा जी को पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। साथ ही प्रायोजक, मेसर्स होटल सुदर्शन के संचालक-श्री हेमन्त गुप्ता जी को दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन-मानसेवी संयुक्त सचिव/कार्यक्रम सहसंयोजक-पवन कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक/संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, कार्यक्रम सहसंयोजक/उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, कार्यक्रम सहसंयोजक/कोषाध्यक्ष-संदीपनारायण अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन




अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 6 जन. को रंगमहल गार्डन में किया गया। इसमें देश के विख्यात कवि, डॉ. प्रवीण शुक्ल–दिल्ली, श्री आशीष अनल–लखीमपुर खीरी, डॉ. शशि श्रेया–लखनऊ, श्री मुन्ना बैटरी–मंदसौर, श्री अतुल ज्वाला–इंदौर, श्री रविन्द्र रवि–ग्वालियर द्वारा अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया। कवि सम्मेलन के सूत्रधार–श्री तेजनारायण शर्मा–जौरा थे। कवि सम्मेलन को अम्बा शक्ति ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया।



साथ ही, इस अवसर पर सदस्य एवं उनके परिजनों के लिए स्वरूचि भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म. प्र. विधानसभा के अध्यक्ष–श्री नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित थे।

कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ पश्चात् मंचासीन कवियों द्वारा निम्नानुसार अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया :–

खरे करता है सारे काम, कुछ खोटा नहीं करता
अहम का अपने चारों ओर, परकोटा नहीं करता
बड़ा है आदमी सच में वही किरदार से अपने
जो अपने सामने वाले का कद छोटा नहीं करता

–डॉ प्रवीण शुक्ल, दिल्ली




थककर चूर हुए पाँवों की
चर्चा का ये मंच नहीं है,
उन पैरों की बात करो जो
मैराथन में बने हुए हैं.....।।
कंधे डाल चुकी गर्दन से
खींचो ये बैजंतीमाला
उन वक्षों पर नाज़ करो जो,
शीश कटाकर तने हुए हैं....।।

–तेजनारायण शर्मा, जौरा, व्यंग्यकार/संचालक

गम आंसू खामोशी को शर्मिंदा रखने के लिए ।
कुछ जगह रखी है हंसी का परिंदा रखने के लिए ।।
उदासी मत सजाइए चेहरे के गुलदान में ।
हंसी बहुत जरूरी है खुद को जिंदा रखने के लिए ।।

–अतुल ज्वाला इंदौर

रंग भोर के तुम्हे समर्पित, हमको गहन अँधेरे।
महलों का सुख लेकर दे दो निर्जन द्वार बसेरे।।
हम उत्सव लाये हैं अपने रोष हमें दे जाओ।
आंसू हमको बेचो हमसे मुस्काने ले जाओ।।

–शशि श्रेया लखनऊ

### सैनिकों को समर्पित....

उसमें और हम में बहुत फर्क है।
सिद्ध करने को काफ़ी एक तर्क है ।।
उसने सैन्य लाशों के भी शीष काटे हैं ।
हमने उसकी लाशों कफ़न बांटे हैं।।
क्योंकि यही तो हमारी पहचान है।
इसीलिए हिंदुस्तान हिंदुस्तान है।।

–आशीष अनल अवस्थी, लखीमपुर खीरी

हँसी चेहरे के पीछे दर्द को पहचान जाती है।
जरा सी मान और मनुहार से वो मान जाती है।
न जाने क्या रिश्ता है दुनिया में ये ईश्वर जाने।
में रहूँ परदेश में भी भूखा तो माँ जान जाती है।।

–मुन्ना बेट्री, मन्दसौर

न धन दौलत न ये शोहरत न ये दरबार जाएगा।
तेरे अंतिम सफर में सँग तेरा किरदार जाएगा
सियासी दांव पैंचों से जहां को जीतने वाले
तू इक दिन उस अदालत में मुकदमा हार जाएगा

–रवीन्द्र रवि, ग्वालियर



कवि सम्मेलन को मेसर्स अम्बा शक्ति ग्रुप के संचालक–श्री संजीव गुप्ता द्वारा प्रायोजित किया गया । इस अवसर पर चेम्बर सदस्य एवं उनके परिजनों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लिया गया । कार्यक्रम में काफी संख्या में सपरिवार सदस्यगण उपस्थित थे ।

# पूर्व अध्यक्ष-श्री विष्णु प्रसाद जी गर्ग के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



पूर्व अध्यक्ष श्रद्धेय विष्णुप्रसाद जी गर्ग के असामायिक निधन पर दिनांक 10 जनवरी को 'चेम्बर भवन' में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा के प्रारंभ में उनके अध्यक्षीय कार्यकाल वर्ष-1991 से 2011-2015 तक की यादों के चलचित्र डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित कर, संस्था में उनके योगदान को याद किया गया।

दुख की इस घड़ी पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि वर्ष-2015 में मुझे उनके कार्यकाल में उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उनका दृढ़ संकल्प व इच्छाशक्ति सदैव प्रेरित करेगी। साफ निर्णय लेना, जल्दी निर्णय लेना आपकी शैली थी, उनका निधन हम सबके लिए अपूर्णनीय क्षति है।

संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता ने कहा कि आज जहाँ लोग दूसरों को पीछे करने के लिए उनकी टांग खींचते हैं, वहीं परम आदरणीय विष्णु जी लोगों को आगे बढ़ाने वाली शख्सियत थे। आज चेम्बर में दूसरी बार संयुक्त अध्यक्ष पर आसीन होने का श्रेय उनको ही जाता है।

उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल ने कहा कि आदरणीय विष्णुजी के अध्यक्षीय कार्यकाल में मुझे कार्यकारिणी समिति सदस्य के रूप में उनके साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। आपके कार्यकाल में हमने उन्हें एक प्रिंसिपल की तरह व्यवहार करते हुए देखा है, उनका व्यक्तित्व इस प्रकार का था कि उनके सामने कोई बोल नहीं सकता था।

मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने उनके साथ जुड़ी अपनी यादों को स्मरण करते हुए कहा कि जबसे मैंने अपने पद पर कार्यभार संभाला है। मेरे द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते थे और किस कार्य को और कैसे बेहतर किया जा सकता है, उसके लिए मुझे परामर्श भी दिया करते थे। उनका ग्वालियर अंचल के उद्यमियों एवं व्यवसाईयों से विशेष लगाव रहा। आप जिस संगठन/समूह से जुड़े, उस संगठन के लिए अंतिम सांस तक ईमानदारी से कार्य किया।

मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल जी ने कहा कि प्रारंभिक समय में जब आपका तेल का व्यवसाय दाल बाजार में था, तब हमारी दुकान के समीप ही आपकी दुकान हुआ करती थी। मेरे पिताजी से उनके अच्छे संबंध थे, वे एक पिता की तरह ही मुझसे स्नेह भाव रखते थे।

कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने कहा कि परम आदरणीय भाईसाहब ने हमें कुशल नेतृत्व प्रदान किया। आपका असामायिक निधन केवल चेम्बर के लिए ही नहीं अपितु व्यापारी समाज के लिए भी अपूर्णनीय क्षति है। आपने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में कारोबारियों की आवाज को प्रखरता से रखा। आपने अपनी देखरेख में चेम्बर भवन के श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया सभागार का रिनोवेशन अल्प खर्च में स्वयं रूचि लेकर कराया। उनका यूं चले जाना एक युग के अंत की तरह है।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व संयुक्त अध्यक्ष-श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्षद्वय-श्री सुरेश बंसल, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय-डॉ. प्रकाश अग्रवाल, श्री जगदीश मित्तल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य सर्वश्री आशीष जैन, राजेश बंसल, संजीव अग्रवाल (कुक्कू), दीपक जैन, आशीष अग्रवाल, अनूप साहू, सहित दाल बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष-दिलीप पंजवानी, सचिव-विवेक जैन, वरिष्ठ सदस्य-महेश मुदगल के साथ ही मनीष बांदिल, मुदित माहेश्वरी आदि के द्वारा भी शब्दरूपी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि सभा में कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री मयंक गर्ग, अजय गोयल, कमलेश जैन, अखिलेश गोयल, रामकुमार गोयल, मनोज सरावगी, दीपक अग्रवाल, संजय नारायण अग्रवाल, रवि कुमार गर्ग, अनिल दुबे, राजेश माखीजा, दीपक श्रीचंद जैस्वानी, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, मुकेश गोयल आदि सहित सदस्यगण वासुदेव दयानी, श्याम बंसल अप्पा, सुनील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल नागपाल आदि उपस्थित थे।

# कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 30 जनवरी 2026 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-

* समूह परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार कर, समूह परिवर्तन करने का निम्नानुसार निर्णय लिया गया :-

  (I) मेसर्स विजय ब्रदर्स, समूह क्र.-4 (खेरिज एवं कटपीस वस्त्र व्यवसाय) से समूह क्र.-03 (सिंथेटिक वस्त्र व्यवसाय) में ।

  (II) मेसर्स श्री कृष्णा ट्रेडर्स, समूह क्र.-4 (खेरिज एवं कटपीस वस्त्र व्यवसाय) से समूह क्र.-03 (सिंथेटिक वस्त्र व्यवसाय) में ।

  (III) मेसर्स हिन्दुस्तान केन मैन्यूफेक्चरिंग कं., समूह क्र.-52 (लघु उद्योग : सोप, पेन्ट एण्ड केमीकल) से समूह क्र.-53 (लघु उद्योग : रबड़ एवं प्लास्टिक) में ।

  (IV) मेसर्स श्री राधाकृष्ण इण्डस्ट्रीज, करैरा, समूह क्र.-56 (लघु उद्योग : चावल, दाल एवं आटा) से समूह क्र.-55 (लघु उद्योग : तेल निर्माण) में ।

  (V) मेसर्स गिरराज कलेक्शन समूह क्र.-02 (थोक वस्त्र व्यवसाय) से समूह क्र.-3 (सिंथेटिक वस्त्र व्यवसाय) में ।

  (VI) मेसर्स आर्यन पीव्हीसी हब, समूह क्र.-20 (भवन निर्माण सामग्री व्यवसाय) से समूह क्र.-23 (लकड़ी एवं फर्नीचर व्यवसाय) में ।

* चेम्बर संविधान के अध्याय-एक की धारा-5 में दी गई व्यवस्था के तहत मेसर्स गुप्ता फाईन आर्ट स्टूडियो का नाम परिवर्तित कर, मेसर्स आर. एल. गोल्ड ज्वेलर्स किए जाने का निर्णय लिया गया ।

* भृत्य, श्री शैलेन्द्र लक्षकार की सेवाएँ स्थाई किए जाने का निर्णय लिया गया ।

* MPCCI संविधान के अध्याय-3 (तीन) की धारा-24 की उप धारा-24.1 के अनुसार समूह निर्धारण (25 सदस्यों से कम का समूह नहीं) पर विचार कर, निर्णय लिया गया कि जिन समूहों को मर्ज किया जाना हैं, उन समूहों के कार्यकारिणी समिति सदस्यों के साथ पृथक से बैठक में विचार कर, तद्नुसार परिवर्तन की कार्यवाही की जाए और इसकी जानकारी से कार्यकारिणी समिति को अवगत कराया जाए ।

## सदस्य उपलब्धियाँ...



### श्री एम. एल. अरोरा हुए सम्मानित

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री धर्मवीर सिंह द्वारा कार्यकारिणी सदस्य-श्री एम. एल. अरोरा जी को प्रशंसा-पत्र सौंपकर, सम्मानित किया गया । ज्ञात रहे श्री अरोरा जी एस. पी. ऑफिस में परिवार परामर्श केन्द्र में काउन्सलर के रूप में विगत कई वर्ष से अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं ।

**पदाधिकारियों ने उपरोक्त कार्यकारिणी सदस्य महानुभाव के सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं**

# समूह क्रमांक-38, 39 एवं 40 के सदस्यों के साथ 'चेम्बर संवाद' आयोजित



समूह क्रमांक-38 (विवाह व्यवसाय), समूह क्रमांक-39 (सिनेमा, आर्म्स एवं कारपेट व्यवसाय) एवं समूह क्रमांक-40 (चाय एवं फल व्यवसाय) के सदस्यों के साथ 'चेम्बर संवाद' का आयोजन दिनांक 17 जनवरी को किया गया।

उक्त कार्यक्रम में व्यवसायियों ने बताया कि विवाह व्यवसाय में प्रमुख रूप से मैरिज गार्डन, कैटरर्स एवं टेंट हाउसों के नियमों में एकरूपता न होने के कारण कई व्यवहारिक परेशानियाँ आती हैं। साडा में सब्जी मण्डी, फल मण्डी एवं बीज व खाद विक्रेताओं के लिए संयुक्त रूप से जगह निर्धारित कर, वहां सब्जी मण्डी बनाई जाना चाहिए ताकि एक ही स्थान पर सभी कारोबार हो सकें।

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि विवाह व्यवसाय के कारोबारियों को आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए नियम एवं शर्तों में एकरूपता लाने के लिए प्रभावी कार्य किया जाएगा, ताकि समस्याओं का समाधान हो सके। वहीं चाय के लिए निर्धारित मानकों की जानकारी प्राप्त कर, कारोबारियों को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही 'साडा' में सब्जी मण्डी की स्थापना के लिए प्रयास किए जाएँगे।

मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने 'चेम्बर संवाद' आयोजित करने के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात चेम्बर में आकर रखने के लिए यह 'संवाद' कार्यक्रम इस कार्यकाल में प्रारंभ किया गया है। इसका विचार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा दिया गया था।

बैठक का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा तथा आभार उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

## जनवरी 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर व्यापार मेला में वाहनों की खरीद पर आरटीओ शुल्क में 50% छूट की अधिसूचना तत्काल जारी किए जाने की माँग की गई।
* ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रबंध संचालक, मुख्य महाप्रबंधक सहित महाप्रबंधक (शहर वृत्त), म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. को पत्र प्रेषित कर, निजी कं. को एलटी हाई वैल्यू कंज्यूमर मीटर टेस्टिंग का कार्य सौंपे जाने के स्थान पर पूर्ववत जो व्यवस्था थी, उसी को यथावत बनाए रखने की माँग की गई।
* केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री-माननीय श्री नितिन गडकरी को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर 'वेस्टर्न बायपास' का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर 'चेम्बर भवन' पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया झण्डा वंदन






77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर आपने सदस्यों को 77वें गणवतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि भारत विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा योग्य नेतृत्व उन बाहरी शक्तियों से निपटते हुए आंतरिक सामंजस्य बिठाकर भारत को तेजी से आर्थिक क्रांति की ओर ले जा रहा है। इस अवसर पर बहुत आवश्यक है कि हम सभी संविधान के बिन्दुओं को अंगीकार करें और आगे बढें। म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स आज आम व्यापारी की आवाज व विश्वास बन चुका है।

यह हमारे पूर्वजों का वह सपना पूर्ण हुआ है, जो उन्होंने 26 मई 1906 को इस संस्था की स्थापना के समय देखा था। इस कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि टीम भावना है, जिस टीम भावना से इस कार्यकाल में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति ने कार्य किया है। मुझे ऐसा लगता है कि यह कार्यकाल चेम्बर के उत्कृष्ट कार्यकाल में गिना जाएगा। जहाँ कहीं व्यापारी के सम्मान व हितों की बात आई, चेम्बर उसमें मजबूती से खड़ा रहा और व्यापारी के सम्मान के लिए हमने मजबूत कदम भी उठाए। औद्योगिक क्षेत्र में भी हमारी सहभागिता रही। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट एवं रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में भी हमने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सामाजिक जवाबदेही को पूर्ण करते हुए आधार कार्ड व 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड शिविर लगाए गए। देश की अस्मिता पर जब बात आई और पहलगाम जैसे हमले हुए, तब ग्वालियर की इस पावन धरा से नापाक देश को चेतावनी भी दी गई कि भारत एक है और इस तरह के हमले से डरने व झुकने वाला नहीं है। चेम्बर ने इसमें भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। आज एआई के साथ नई तकनीक अपनाने का समय आ गया है। इसके चलते हमने अपने आंतरिक कार्यों में भी बहुत सुधार किया है। दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन एवं सदस्यों को ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा प्रदान करना तथा डीपी मण्डेलिया सभागार का उन्नयनीकरण इसके प्रमाण हैं। हमने नवाचारों को सदैव आगे रखा है। चेम्बर संवाद के माध्यम से चेम्बर के प्रत्येक सदस्य को आमंत्रित कर, उनके साथा वार्तालाप किया। हमारी सहभागिता जीएसटी शिकायत निवारण समिति एवं फिक्की, नई दिल्ली में दर्ज हुई है। चेम्बर टीम भावना के साथ आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा एवं आभार कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष-डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, पूर्व संयुक्त अध्यक्ष-श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष-श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री राधाकिशन खेतान, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-श्री पीताम्बर लोकवानी, पूर्व कोषाध्यक्ष-श्री वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# ग्वालियर शहर में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र विकास कार्यशाला के तहत एमपीआईडीसी, डीआईसी, नगर-निगम, पुलिस प्रशासन एवं म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के साथ एकल स्थल सर्व विभागीय बैठक आयोजित

## प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को 'चेम्बर भवन' में होगी औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं समस्याओं पर बैठक




ग्वालियर शहर में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान हेतु दिनांक 31 जनवरी को चेम्बर भवन में एमपीआईडीसी, डीआईसी, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन सहित म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के साथ एकल स्थल सर्व विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक-श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-श्रीमती विदिता डागर, अपर आयुक्त, नगर निगम-श्री टी. प्रतीक राव, डीआईसी के महाप्रबंधक-श्री सुनील बाबू त्रिपाठी एवं म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के महाप्रबंधक-श्री संदीप कालरा सहित औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएँ जानने के बाद एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक-श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के साथ ही देश की ग्रोथ को किस प्रकार बढ़ाया जाए, उसका एक ही जवाब होता है-इण्डस्ट्री। क्योंकि इण्डस्ट्री का जो ग्रोथ मल्टीप्लायर है, उसे किसी के द्वारा वीट नहीं किया जा सकता। इण्डस्ट्री से ग्रोथ शहर, प्रदेश व देश को मिलती है, वह अद्वितीय है। इसलिए इण्डस्ट्री को आगे बढ़ाते रहना ही हमारा फोकस है। हम जितनी भी इंवेस्टर्स मीट करते हैं, उनमें हम ग्वालियर में निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हैं। आज जो समस्याएं बैठक में आप सभी ने रखी हैं, वही समस्याएं चाहे कितने भी बड़े निवेशक हों, उनकी भी रहती हैं, वह हमेशा तीन चीजें ही पूछते हैं कि ग्वालियर में पानी मिलता है, क्या वहाँ बिजली की समस्या होती है एवं क्या वहाँ लॉ एण्ड ऑर्डर इश्यू होता है। हर जगह यही तीन चीजों पर प्रश्न पूछे जाते हैं। लैण्ड रेट तो बहुत बाद में आता है। एमपीआईडीसी का फोकस नये इण्डस्ट्रियल एरिया बसाने के लिए है, लेकिन पहले हमारा फोकस स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की समस्या पर रहेगा क्योंकि आप ही नवीन औद्योगिक एवं निवेश के लिए एम्बेसेडर रहेंगे। इसलिए आपके जितने भी इश्यू हैं, उनका निराकरण करना हमारा दायित्व है। इसके बाद ही हम नये इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए प्लानिंग कर सकते हैं।

आपने कहा कि आज की बैठक में उपस्थित पुलिस, नगर-निगम एवं एमपीआईडीसी में तैनात हम सभी 2021 के बैच मेट हैं और हम एक साथ ग्वालियर में पदस्थ हुए हैं, तो हम साथ मिलकर समस्याओं का निराकरण करेंगे। हम समन्वय के साथ काम करेंगे। आपने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं समस्याओं पर जरूर

बैठक करेंगे। आपने कहा कि 25 इश्यूज को आज हमने नोट किया है और इन इश्यूज को पूर्ण करने के बाद हमें सेटिसफेक्शन मिलेगा । निरंतर कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे । जब अगली बार हम बैठक करेंगे, तब नये इश्यू जैसे आईसीडी मालनपुर के लिए क्या बेहतर कर सकते हैं, नये इण्डस्ट्री क्लस्टर्स, एक्सपोर्ट ऑरिएंटेशन के लिए फैसिलिटी एवं स्किल वर्क आदि पर हम कार्य करेंगे ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–श्रीमती विदिता डागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस का कार्य कानून व्यवस्था को बनाए रखना है । आपसे समन्वय बनाकर ही पुलिस को कार्य करना है, आपने कहा कि ग्वालियर के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस गस्त को रोस्टर में शामिल किया जाएगा । लोडिंग–अनलोडिंग के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में भारी वाहनों को दिन के समय एंट्री को नियमानुसार किया जाएगा । औद्योगिक क्षेत्रों में जो व्यक्तिगत अपराधिक घटनाएँ हुई हैं, उनमें जो अपराधी शामिल रहे हैं, उन्हें हर माह की गुण्डा परेड में शामिल कर लिया है, जिससे उन पर अंकुश रहेगा । पुलिस प्रशासन का सहयोग हमेशा उद्यमियों के लिए रहेगा ।

अपर आयुक्त, नगर निगम–श्री टी. प्रतीक राव ने कहा कि आपकी समस्याएं सुनी हैं, मेरे बोलने से आपके इश्यू सॉल्व नहीं होंगे । आपके इश्यू जब सॉल्व होंगे, तब आप हमसे आकर मिलें और हम साथ बैठकर चाय पीयें, तब ज्यादा अच्छा लगेगा । बैठक में पेयजल, सीवर, रोड व कचरा से संबंधित इश्यू आए हैं । कचरा मेरी जिंदगी का विलेन है । इन सभी बिन्दुओं पर कार्य किया जाएगा । सभी एमएसएमई और इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएँगे । सभी एमएसएमई और इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए कचरा गाड़ी को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा और फरवरी माह के अंत तक सभी वार्डों से कचरा गाड़ियों की उपलब्धता हो जाएगी । आपके सभी इश्यूज का त्वरित निराकरण किया जाएगा । हर माह मीटिंग करेंगे और मैं सभी औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण भी करूँगा ।

डीआईसी के महाप्रबंधक–श्री सुनील बाबू त्रिपाठी ने कहा कि बिरला नगर, तानसेन औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए प्राकलन का एप्रूवल फरवरी माह तक करा लिया जाएगा । ग्वालियर में कंफेक्शनरी एवं ऑटोमोबाइल क्लस्टर्स के लिए 100 एकड़ भूमि को रायरू के पास चिन्हित किया गया है । इसका प्रस्ताव कलेक्टर मेडम के पास प्रस्तावित है। शंकरपुर एवं गिरवाई औद्योगिक क्षेत्रों को नोटिफाइड के लिए प्रोफार्म इन क्षेत्रों को उपलब्ध कराए गए हैं । इनके पूर्ण होते ही नोटिफाइड एरिया के लिए कार्य किया जाएगा ।

म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. के महाप्रबंधक–श्री संदीप कालरा जी ने कहा कि तानसेन नगर इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए फूलबाग जीआईएस से चालू कर दिया है, यह सेपरेट हो गया है । महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए 33 केवी लाइन का कार्य चालू है । यह प्रोजेक्टर डिले हो रहा है क्योंकि एमईएस की अप्रूवल इसके लिए चाहिए, उसके लिए प्रयास जारी हैं । गिरवाई में ट्रिपिंग की समस्या है, इसके लिए तिघरा 132 केवीए पर काम चल रहा है । मार्च तक यह पूर्ण हो जाएगा । जे.ई. व ए.ई. क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं, इसके लिए उन पर कार्यवाही की जाएगी ।

इससे पूर्व बैठक में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह बैठक ग्वालियर में औद्योगिक क्रांति लाने में मील का पत्थर साबित होगी । इस बैठक की प्रस्तावना नवीन इण्डस्ट्रियल एरिया की स्थापना के लिए आयोजित बैठक में ही तैयार हो गई थी क्योंकि उस समय जो उद्योग स्थापित हैं, उनकी समस्याएं बैठक में ज्यादा आ रही थीं । आपने मांग की ग्वालियर में स्थापित उद्योगों के विकास एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को नियमित रूप से बैठक की जाना चाहिए, ताकि स्थापित उद्योगों की समस्याओं का निराकरण हो सके ।

मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि बैठक में जो समस्याएं रखी गई हैं, उनमें से 90% समस्याएं 10 दिन में निपटाई जा सकती हैं । यदि वर्तमान इण्डस्ट्री सुविधाजनक रूप से संचालित होंगी, तो इससे ग्वालियर से जो यूथ माइग्रेशन

हो रहा है, वह रुकेगा । शासन–प्रशासन को उद्योगों से भरपूर राजस्व मिलता है, इसलिए समस्याओं का निराकरण प्राथकिता से होना चाहिए।

बैठक में तानसेन नगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष–श्री जगदीश मित्तल, महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष–श्री प्रकाश रोहिरा, शंकरपुर औद्योगिक नगरी के अध्यक्ष–श्री राजेन्द्र तलूजा, गिरवाई औद्योगिक क्षेत्र के सचिव–श्री गोपाल मोटवानी, तलवार का बाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के सचिव–श्री अनिल भारद्वाज, मंजीत का बाड़ा अध्यक्ष–श्री कमल नागपाल एवं बाराघाट औद्योगिक क्षेत्र से श्री जितेन्द्र बनवानी जी द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों की प्रमुख समस्याएँ, जिनमें साफ–सफाई, पेयजल, इण्डस्ट्रियल एरिया में पुलिस गस्त एवं विद्युत संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया ।

बैठक के प्रारम्भ में उपस्थित अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा अंत में सभी को स्मृति–चिन्ह भेंट किए गए ।

## सदस्य उपलब्धियाँ...

### श्री जगदीश मित्तल संभागीय अध्यक्ष एवं श्री अजय गोयल शहर जिला अध्यक्ष मनोनीत



वैश्य महासम्मेलन म. प्र., ग्वालियर सम्भाग के संभागीय अध्यक्ष – श्री जगदीश मित्तल जी को एवं जिला ग्वालियर शहर के जिलाध्यक्ष – श्री अजय गोयल जी को मनोनीत किया गया है।



### डॉ. विनोद जैन, उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत

डॉ. विनोद जैन जी को ''दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, ग्वालियर'' में 2026–27 के लिए मनोनयन समिति द्वारा उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है ।



### ग्वालियर टिम्बर प्लायवुड के निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न


संरक्षक–श्री राजकुमार बंसल


श्री राजेश अग्रवाल


श्री उमेश मंगल


श्री गिर्राज सिंघल


श्री आशीष जैन


श्री दीपक अग्रवाल


श्री गौरव बंसल

निर्वाचित पदाधिकारी : अध्यक्ष–श्री राजेश अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष–श्री उमेश मंगल, उपाध्यक्ष–श्री गिर्राज सिंघल, सचिव–श्री आशीष जैन, सहसचिव–श्री दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–श्री गौरव बंसल ।

कार्यकारिणी : सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, मनोज मंगल (हजीरा), अजीत जैन, मुकेश अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, नितिन गोयल, नितेश अग्रवाल, अभिनव गिडवानी, शैलेंद्र गोयल (पंचवटी), विकास अग्रवाल, नमन गोयल व आशीष गुप्ता ।

**पदाधिकारियों ने उपरोक्त सदस्य महानुभावों के मनोनयन व निर्वाचिन होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं**

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917